
दिल की सुनें, आलोक मिश्रा को चुनें
कानपुर के
आलोक मिश्रा
को वोटिंग मशीन के
पहले नंबर 1 पर
हाथ के पंजे के
सामने वाला बटन दबाकर
भारी मतों से विजयी बनाएँ।
चुनाव चिन्ह
ELECTRONIC VOTING MACHINE (EVM)
43 कानपुर लोकसभा क्षेत्र
1.
आलोक मिश्रा
कांग्रेस
2.
3.
4.
आलोक मिश्रा
इण्डिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी
43-कानपुर लोकसभा क्षेत्र
(गोल्ड मेडलिस्ट)
वोटिंग मशीन का पहला नंबर 1
हाथ के पंजे के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएँ
प्रकाशकः आलोक मिश्रा

# मतदान केंद्र तैयार, बस आपका इंतजार

## 36 लाख से अधिक मतदाता डालेंगे वोट, मतदेय स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, गड़बड़ी करने वालों से सख्ती से निपटेगा फोर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए जिले भर में मतदान केंद्र पूरी तरह तैयार हैं। जहां मतदानकर्मियों ने वोटिंग की व्यवस्था पूरी कर ली है, वहीं सुरक्षा के लिए फोर्स ने मोर्चा संभाल लिया है। सोमवार यानी आज सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो शाम छह बजे तक चलेगी। लोकतंत्र के महापर्व में एक-एक वोट की आहुति देश के विकास की नई इबारत लिखेगी।

करीब एक महीने की सियासी धमाचौकड़ी और चुनावी शोर थमने के बाद अब नई सरकार के चुनाव की बारी है। जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। रविवार को सुबह से देर शाम तक जिले भर के सभी मतदान केंद्रों में पोलिंग पार्टियों को पहुंचाने और मतदान के लिए बूथों को व्यवस्थित करने का काम चलता रहा। मतदान केंद्रों की सुरक्षा के लिए फोर्स की तैनाती के साथ चौकसी की हिदायत दी जाती रही।

कानपुर नगर और अकबरपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 36,05,479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कानपुर सीट में 11 और अकबरपुर क्षेत्र के 10 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होगा। वहीं मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में शामिल आंशिक बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के 4,07,109 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया सोमवार सुबह सात बजे से शुरू हो जाएगी, जो शाम छह बजे तक चलेगी। जिले के 3614 मतदान केंद्रों के 3998 बूथों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

चुनाव व्यवस्था पर निगरानी के लिए दोनों संसदीय क्षेत्रों में 48 जोनल मजिस्ट्रेट, 304 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 418 माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है। इनमें कानपुर क्षेत्र में 20 जोनल मजिस्ट्रेट, 122 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 183 माइक्रो आब्जर्वर लगाए गए हैं, जबकि अकबरपुर क्षेत्र में 22 जोनल मजिस्ट्रेट, 141 सेक्टर और 165 माइक्रो आब्वर्जर लगे हैं। जिले में क्रिटिकल मतदान केंद्र 423 और रनिया सहित 443 हैं। वहीं क्रिटिकल बूथ 867 और रनिया सहित 895 हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शाम छह बजे तक जो मतदाता बूथ के अंदर पहुंच जाएंगे, उनका मतदान कराया जाएगा।



लोकसभा चुनाव का मतदान कराने के लिए रविवार को नौबस्ता गल्ला मंडी से निकलीं पोलिंग पार्टियां। अमृत विचार

**3614** मतदेय स्थल बनाए गए

**1411** मतदान केंद्र जिले भर में

**3979** पोलिंग पार्टियां बनाई गईं

### कानपुर के मतदाताओं पर एक नजर

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|
| गोविंदनगर | 192230 | 169333 | 18 |
| सीसामऊ | 144214 | 127195 | 02 |
| आर्यनगर | 164265 | 141051 | 38 |
| किदवईनगर | 184660 | 166084 | 26 |
| कैंट | 200704 | 173001 | 38 |
| योग | 886073 | 776664 | 122 |

### अकबरपुर सीट में कुल मतदाता

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|
| बिठूर | 201137 | 172647 | 27 |
| कल्याणपुर | 195368 | 175790 | 11 |
| महाराजपुर | 249378 | 211125 | 25 |
| घाटमपुर | 178747 | 151251 | 02 |
| रनिया | 177588 | 156057 | 11 |
| योग | 1002218 | 866870 | 203 |

### मिश्रिख आंशिक के कुल मतदाता

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|
| बिल्हौर | 217353 | 189743 | 13 |

### कोई दिक्कत होने पर इन नंबरों पर दें जानकारी

0512-2985080
0512-2985100
0512-2985300

नोट :- इनके अलावा पुलिस कंट्रोल रूम के टोल फ्री नम्बर 18001805121 एवं सीयूजी नम्बर 7839863157, 7839863241, 7839863247, 7839863242, 7839863449 पर सूचना दे सकते हैं।

### मतदाता पहचान पत्र के लिए ये रहे विकल्प

- आधार कार्ड व पैन कार्ड
- मनरेगा जॉब कार्ड
- बैंक, डाकघरों की पासबुक
- स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
- ड्राइविंग लाइसेंस
- भारतीय पासपोर्ट
- फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
- केंद्र, राज्य, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों से जारी फोटोयुक्त पहचानपत्र
- सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र

### आज सार्वजनिक अवकाश

कानपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि 13 मई को मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। छोटे-बड़े उद्योग, कारखाने, फैक्ट्री, निजी संस्थान और स्कूल-कालेज बंद रहेंगे।

### मतदाता इन बातों का जरूर रखें ध्यान

- मतदाता बूथ से 200 मीटर पहले अपने वाहन खड़े करेंगे। वाहन ले जाने की अनुमति है, लेकिन मतदान केंद्र से 200 मीटर परिधि के बाहर खड़ा करना होगा।
- मतदान केंद्र से 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन ले जाने की कतई अनुमित नहीं है।
- मतदान केंद्र या उसके पास शस्त्र सहित जाना प्रतिबंधित है। अधिकृत सुरक्षाकर्मियों के अलावा कोई भी मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में शस्त्र के साथ प्रवेश नहीं करेगा।
- सिर्फ जेड सुरक्षा के तहत एक सुरक्षाकर्मी कपड़ों में हथियार छिपाकर मतदान परिसर तक जाएंगे।

### युवा-दिव्यांग और पिंक बूथ भी बनाए गए

- दोनों लोकसभा क्षेत्रों में एक-एक युवा और दिव्यांग बूथ बनाए गए हैं, जबकि हर विधानसभा क्षेत्र में एक पिंक बूथ तैयार किया गया है। इसके अलावा हर विधानसभा क्षेत्र में तीन मॉडल बूथ हैं। जिले में कुल 30 मॉडल बूथ हैं। इन बूथों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है।



रविवार को चिलचिलाती धूप में ईवीएम लेकर निकलीं महिला मतदानकर्मी। अमृत

## आज सुहाना रहेगा मौसम हल्की वर्षा की संभावना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम विभाग की ओर से सोमवार को मौसम सुहाना रहने की संभावना जताई गई है। विशेषज्ञों ने बताया कि शहर में पश्चिमी विक्षोभ का असर अभी बना हुआ है। इसकी वजह से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके अलावा तापमान भी औसत रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विशेषज्ञों ने सुबह व शाम हवा में नमी की संभावना जताई है।

सीएसए विवि के मौसम विभाग की ओर से रविवार को औसत तापमान दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसे भी सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि सोमवार को स्थानीय स्तर पर गरज-चमक, धूल भरी आंधी और तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। इसके अलावा हवाओं की गति सामान्य से अधिक तेज गति से चलने के भी आसार है। तापमान औसत के आस-पास बने रहने की संभावना है।

### एनआरआई सिटी के एसी हाल में मॉडल बूथ

- बिठूर स्थित एनआरआई सिटी के एसी हाल में मॉडल बूथ बनाया गया है। एनआरआई सिटी बिठूर में पहली बार एसी बूथ बनाया गया है। यहां सुविधाओं और सहूलियत का ध्यान दिया गया है।

### 2027 बूथों से होगी वेबकास्टिंग

- जिले के वल्नरेबल और क्रिटिकल बूथों समेत 2027 बूथों पर इस बार वेबकास्टिंग की जाएगी। मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग टीमों ने पूरा सेटअप तैयार किया है। इन वेबकास्टिंग सेंटरों को कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, जहां से निगरानी की जाएगी।

### वोटर हेल्पलाइन से भी निकालें मतदाता पर्ची

- मतदाताओं के लिए वोटर हेल्पलाइन एप ऑल-इन-वन एप है। इस एप पर कई सुविधाएं मिलेंगी। जैसे मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। मतदाता पर्ची डाउनलोड कर सकते हैं। प्रिंट निकालकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

**90** फ्लाइंग स्क्वॉयड टीमें रखेंगी नजर

**90** स्टेटिक सर्विलांस टीमें चुनाव में लगाई गईं

**418** माइक्रो आब्जर्वर पूरे समय रखेंगे नजर

### विकलांगों के लिए ह्वील चेयर का इंतजाम

- दिव्यांग मतदाताओं की सहूलियत के लिए इस बार जिले के बूथों पर ह्वील चेयर की व्यवस्था की गई है। इसके लिए 500 ह्वील चेयर उपलब्ध कराई गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे दिव्यांग मतदाता, जो बगैर सहारे के नहीं चल सकते हैं, उन्हें ह्वील चेयर की मदद से बूथों के अंदर तक ले जाया जाएगा। दिव्यांगों की मदद के लिए एनसीसी छात्रों को बूथों पर तैनात किया गया है।

### मतदान केंद्रों पर मेडिकल की भी सुविधा मिलेगी

- चिलचिलाती धूप और लू से निपटने के लिए बूथों पर इस बार मेडिकल किट उपलब्ध रहेगी। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह प्रबंध किया है। वहीं मतदान कार्य में लगे कर्मियों, सुरक्षा जवानों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा गया है। इस बार मतदान कर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा है।

**304** सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए

### कानपुर संसदीय सीट में संवेदनशील मतदान केंद्र

| | |
|---|---|
| गोविंदनगर | 22 |
| सीसामऊ | 13 |
| आर्यनगर | 42 |
| किदवईनगर | 17 |
| कैंट | 48 |

### अकबरपुर संसदीय सीट में संवेदनशील मतदान केंद्र

| | |
|---|---|
| रनिया | 20 |
| बिठूर | 50 |
| कल्याणपुर | 37 |
| महाराजपुर | 25 |
| घाटमपुर | 68 |



पिंक बूथ के लिए महिला मतदान कर्मियों की टीम लगाई गई। अमृत विचार

### कानपुर में 11 प्रत्याशी

- कानपुर संसदीय सीट में कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के आलोक मिश्रा, बसपा से कुलदीप भदौरिया, भाजपा से रमेश अवस्थी, सभी जन पार्टी से अशोक पासवान, ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक से प्रशस्त धीर, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से वालेंद्र कटियार, प्राउटिस्ट ब्लाक इंडिया से संजय सिंह और निर्दलीय अजय कुमार मिश्रा, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा, मनोज कुमार हैं।

### अकबरपुर संसदीय सीट में 10 उम्मीदवार

- अकबरपुर संसदीय सीट से 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा से देवेंद्र सिंह उर्फ भोले सिंह, इंडिया गठबंधन से सपा के राजाराम पाल, बसपा से राजेश कुमार द्विवेदी, सभी जन पार्टी से अशोक पासवान, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से चंद्रेश सिंह, राष्ट्रीय जन उत्थान पार्टी से रामगोपाल, राष्ट्रीय संस्कृति पार्टी से विपिन कुमार और निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमशीला, योगेश जायसवाल, राजाराम।

### पहली बार 55,434 युवा मतदाता डालेंगे वोट

- लोकसभा चुनाव में 18 से 19 आयु वर्ग के 55,434 मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। युवाओं को मतदान के प्रति उत्साहित करने के लिए जिले में दो युवा बूथ भी स्थापित किए गए हैं, जहां मतदान कर्मी भी कम उम्र के लगाए गए हैं।

## 443 संवेदनशील केंद्रों में पैरामिलिट्री फोर्स मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने के लिए सिक्कम और असम से आई पैरामिलेट्री फोर्स तैनात की गई है। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पैरामिलेट्री फोर्स की कड़ी निगरानी रहेगी। कमिश्नरेट पुलिस ने 17 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई है। बूथों की सुरक्षा पुलिस को सौंपी गई है।

- 17 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी कर रहे निगरानी
- जिले के 895 मतदेय स्थलों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि जो लोग दूसरे जिलों से आकर कानपुर में रह रहे हैं, उन पर पुलिस की पैनी नजर है। दो दिन पहले से ही थानों से लोगों के घर में जानकारी दे दी गई है। होटल, धर्मशाला और सराय में रहने वालों की जानकारी भी पुलिस ने कर ली है। खासकर, बाहरी नेताओं को पहले ही शहर से बाहर जाने की हिदायत दी जा चुकी है।

अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। कानपुर वासियों से अपील है कि सभी लोग निर्भीक होकर वोट डालें। चुनाव में गड़बड़ी करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

### फोर्स की तैनाती पर एक नजर

- **06** कंपनी आईटीबीपी के जवान तैनात किए गए
- **05** कंपनी एसएसबी के जवान लगाए गए
- **04** कंपनी असम एसएपी तैनात की गई
- **04** कंपनी सिक्किम आईआईआरबी लगी
- **03** कंपनी सीआईएसएफ के जवान लगे
- **01** कंपनी पीएसी के जवान लगाए गए
- **37** कंपनी होमगार्ड के जवान भी तैनात




## मतदान जरूरी है

विकास के लिए वोट बेहद जरूरी है। देश के चुनावों में वोट का मतलब देश व शहर के विकास में योगदान है। यदि



हम वोट नहीं करते तो देश के विकास में भागेदारी से पीछे रह जाते हैं। वोट करने के बाद अधिकार से अपनी बात रखी जा सकती है। खासतौर पर युवाओं को वोट का महत्व समझना चाहिए। अपने एक वोट से युवा विकास और अपने भविष्य की इबारत लिख सकता है। इसलिए वोट जरूर करना चाहिए

**– प्रो. विनय कुमार पाठक, कुलपति सीएसजेएमयू**

एक-एक वोट देश के विकास में कीमती होता है। यदि हम आपने आस-पास



की समस्याओं से परेशान हैं तो मतदान के दिन दिया गया वोट समस्याओं के बदलाव का हथियार बनता है। खासतौर पर महिलाओं को वोट का अधिकार समझना चाहिए। उन्हें बड़ी संख्या में वोट कर मतदान प्रतिशत को सौ फीसदी तक पहुंचाना चाहिए। इससे समाज सुधरेगा, उनके बच्चों का भविष्य बेहतर होगा। महिलाओं के वोट करने से उनकी समाज में भागदारी भी बेहतर हो सकेगी।

**–डॉ. सीमा परोहा, निदेशक राष्ट्रीय शर्करा संस्थान**

लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन मजबूत लोकतंत्र के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी



करना चाहिए। मतदान महादान है अच्छे प्रत्याशी और अच्छी सरकार को चुनकर सदन तक भेजना हम सबकी जिम्मेदारी है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का हिस्सा बनकर इसको स्थापित रखने में सबको अपनी निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए। खासतौर पर छात्र, छात्राओं, युवाओं व मतदाताओं को यह समझना चाहिए कि वोट का अधिकार हमें संविधान ने दिया है। इसलिए हमें उसका सम्मान करना चाहिए।

**–डॉ. आनंद कुमार सिंह, कुलपति सीएसए विवि**

देश के भविष्य की तकदीर मतदाता अपने वोट से लिखता है। संविधान ने जब



मतदाताओं को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है तो मतदाताओं को भी उस जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। मतदान के दिन सौ फीसदी वोट प्रतिशत का रिकॉर्ड बनाकर शहर का नाम पूरे देश में चमकाना चाहिए। ऐसे युवा जिनका पहला वोट है उन्हें मतदान अनिवार्य रूप से करना चाहिए और दूसरों को भी बूथ तक ले जाना चाहिए। समाज के हर वर्ग को वोट जरूर देना चाहिए।

**–आकाश गोयनका, निदेशक गोल्डी मसाले समूह**

लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट बहुत जरूरी है। लोग मतदान के दिन छुट्टी का



दिन मानकर वोट देने नहीं जाते हैं। ऐसे लोगों को यह समझना चाहिए कि एक-एक वोट देश और हमारी तकदीर लिखता है। इसलिए जब हम वोट करते हैं तो हम प्रत्याशी को परखकर अपनी और अपने शहर की तकदीर लिखते हैं। वोट न देने से गलत चयन भी हो सकता है। इसलिए मतदान के दिन अपने मत का दान जरूर करना चाहिए।

**–अमित नारायणा, एमडी नारायणा मेडिकल कॉलेज**

जिस तरह एक यज्ञ में आहूति जातक के संकट दूर करती है उसी तरह से मतदान



के पर्व पर वोट का दान समाज और क्षेत्र के संकट दूर करता है। मतदान का दिन किसी हवन से कम नहीं है। इसलिए देश, समाज और क्षेत्र के विकास के लिए सभी को एकजुटता के साथ लोकतंत्र के महापर्व पर वोट डालने जरूर जाना चाहिए। एक वोट से देश और हमारे हालात सुधरते हैं।

**–पं. मनोज द्विवेदी, ज्योतिषाचार्य**

वोट देना सभी नागरिकों का कर्तवय है। ऐसे में यह जरूरी है कि सभी मतदाता



जाति, धर्म, भेदभाव व क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर अपना सौ फीसदी मतदान करें। मतदान के दिन घर पर बैठने वाले पांच साल तक पछताते हैं। इसलिए सुबह सबसे पहले मतदान करने के बाद ही घर पर जलपान करना चाहिए। वोट यह तय करता है कि हमें किस तरह की सरकार चाहिए, हमारे देश को किस तरह की सरकार चाहिए। इसलिए एक-एक वोट कीमती है।

**–हाजी मोहम्मद सलीस, जनरल सेकेट्री, ऑल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल**



नौबस्ता गल्ला मंडी से शटल सेवा के वाहन नहीं मिलने पर पोलिंग पार्टियों ने हंगामा किया। अमृत विचार



ऑटो वालों से बात कर बसों तक पहुंचने की कोशिश करते मतदानकर्मी। अमृत विचार

### ऑटो और ई-रिक्शा वालों ने मांगे 300 रुपये

चुनाव ड्यूटी में कैंधा जा रहे जितेंद्र सिंह और कल्याणपुर के बूथ जाने वाले पीयूष कुमार ने बताया कि शटल सेवा के वाहन नहीं मिलने पर ऑटो और ई-रिक्शा वालों से बात की तो वे डेढ़ किमी तक छोड़ने के 300 रुपये मांग रहे थे। सीसामऊ क्षेत्र में ड्यूटी के लिए निकले रामबाबू बोले-गल्ला मंडी से दूर बसों का इंतजाम होने से दिक्कत हुई। गोविंद नगर के रामलला में ड्यूटी पर जा रहे राजकुमार, नारायण कुमार, रेखा सेन, रामआसरे यादव ने बताया कि वाहन का घंटों इंतजार करना पड़ा।

# शटल सेवा धड़ाम, भड़का गुस्सा, नारेबाजी

## गल्ला मंडी से अव्यवस्थाओं के बीच रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां, सेक्टर मजिस्ट्रेट की गाड़ी रोक लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवीन गल्ला मंडी से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर पोलिंग पार्टियों को पार्किंग स्थल तक पहुंचाने के लिए की गई शटल सेवा धड़ाम हो गई। ईवीएम लेकर मतदानकर्मी घंटों सड़क पर खड़े रहे, लेकिन उन्हें कोई साधन नहीं मिला। चिलचिलाती धूप में मतदान कर्मियों का धैर्य टूट गया और सेक्टर मजिस्ट्रेट की गाड़ी रोककर जाम लगा दिया। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। तमाम मतदानकर्मी हाथ में ईवीएम और पीठ में बैग लादे पसीना बहाते हुए पैदल जाने को मजबूर हुए। शटल सेवा के इक्का-दुक्का वाहनों में बैठने के लिए भगदड़ सी मची रही।

जिले में चौथे चरण के मतदान को लेकर रविवार को नौबस्ता नवीन गल्ला मंडी से पोलिंग पार्टियों को ईवीएम और चुनाव सामग्री वितरित करने की व्यवस्था की गई थी। यहां से डेढ़ किलोमीटर दूर पार्किंग बनाई गई थी, जहां से पोलिंग पार्टियों को बसें पकड़नी थी। गल्ला मंडी से पार्किंग तक पहुंचने के लिए शटल सेवा की व्यवस्था की गई थी, लेकिन शटल सेवा की व्यवस्था धड़ाम हो गई। ईवीएम के साथ चुनाव सामग्री लेकर निकली पोलिंग पार्टियों को गल्ला मंडी के बाहर शटल सेवा के कोई वाहन नजर नहीं आए।

गल्ला मंडी से करीब डेढ़ किमी दूर संत निरंकारी धाम में बसों की पार्किंग व्यवस्था की गई थी। दोपहर करीब एक बजे गल्ला मंडी के बाहर सैकड़ों की संख्या में पोलिंग पार्टियों के मतदानकर्मी शटल सेवा के इंतजार में भीषण धूप में खड़े रहे। इक्का-दुक्का वाहन आते दिखते तो एकबारगी भगदड़ सी मच जाती। चिलचिलाती धूप में घंटों इंतजार के बाद भी वाहन की व्यवस्था न होने से मतदानकर्मियों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट की गाड़ी रोककर जाम लगा दिया और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। हंगामे पर पुलिस अधिकारी पहुंचे और बसों का इंतजाम कराया। एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह का कहना था कि मतदानकर्मी सेक्टर मजिस्ट्रेट की गाड़ी से जाना चाहते थे, लेकिन सेक्टर मजिस्ट्रेट दूसरे क्षेत्र में जा रहे थे, इसी को लेकर मतदान कर्मियों ने हंगामा किया।

### धूप में ठंडे पानी के लिए भटके मतदानकर्मी

नवाबगंज सीएसए के पोलिंग बूथ ड्यूटी में तैनात नवीन पांडेय ने बताया कि करीब एक घंटे शटल सेवा का इंतजार करते रहे, लेकिन एक भी वाहन उपलब्ध नहीं हुआ। उनके साथ महिला मतदानकर्मी भी थीं, जो धूप में परेशान थीं। महिला कर्मी बोलीं कि भीषण गर्मी की वजह से ड्यूटी में लगी कई महिला कर्मियों की हालत बिगड़ गई, पीने को ठंडा पानी तक नहीं मिला। कई लोगों को चक्कर आने लगे।

### धूल के गुबार ने किया बेहाल

निरंकारी आश्रम में पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए बसें खड़ी थीं। बसों की आवाजाही और हवा चलने के कारण यहां दिनभर जबरदस्त धूल का गुबार उड़ता रहा। मतदान कर्मियों के पकड़े धूल से सफेद हो गए। आंखों में धूल पड़ने से लाल हो गईं। चेहरा धुलकर कर्मी बसों में सवार होकर रवाना हुए।

### प्रेक्षक डी.रत्ना और डॉ.कादंबरी ने किया निरीक्षण

प्रेक्षक डी रत्ना और डॉ. कादंबरी ने गल्लामंडी पहुंचकर हर सेंटर पर जाकर निरीक्षण किया। पोलिंग पार्टियों से पूछा कि कौन से बूथ पर जा रहे हो। पीठासीन अधिकारी से मिले। माइक्रो आब्जर्वर से मुलाकात हुई। सभी सामग्री चेक कर लिया। बस नंबर कौन सा है। ट्रेनिंग ठीक से ली है। अच्छा करना, ऑल द बेस्ट।

### मेडिकल कैंप में चेकअप कर दीं दवाएं

गल्लामंडी में लगे मेडिकल कैंप में मझावन के चिकित्सक डॉ. जुनेद व पतारा के डॉ. रितेश मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि मतदान कर्मी कृपाशंकर को लूजमोशन की शिकायत पर दवाएं दी गई हैं। पुनीत कुमार का पैर बाइक के साइलेंसर से जल गया था। उसका उपचार किया। महेंद्र कुमार को पेट दर्द की शिकायत पर दवा दी है। दोपहर तक 15 कर्मियों ने चेकअप कराया। सभी को ओआरएस दिया गया है।

### पीठासीन अधिकारी को पड़ा अटैक, कॉर्डियोलॉजी भेजा

पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान काकादेव निवासी पीठासीन अधिकारी दिग्विजय सिंह को अचानक सीने में दर्द हुआ। वह बेहोश होकर गिर पड़े। इस पर अधिकारियों को सूचना दी गई और एंबुलेंस से उन्हें कार्डियोलॉजी भेजा गया।

# नौबस्ता हाईवे पर भीषण जाम, हांफती रही जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से बनाया गया रोडमैप पूरी तरह से फ्लॉप हो गया। नौबस्ता हाईवे पर रविवार सुबह से वाहनों की लंबी कतारें लगी तो दोपहर तक राहगीरों को राहत नहीं मिली। नौबस्ता हाईवे पर लगे भीषण जाम में वाहन रेंगते रहे, मतदानकर्मी जाम में फंस कर धूप में बिलबिलाते रहे। काफी देर तक जाम में फंसे रहने के बाद कर्मी आसपास की दुकानों में वाहन खड़े कर गल्लामंडी की ओर रवाना हुए।

रविवार सुबह आठ बजे से पोलिंग पार्टियों को रवानगी का काम शुरू हो गया था। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान जाम न लगे, इसलिए ट्रैफिक पुलिस ने नौबस्ता हमीरपुर हाईवे पर रूट डायवर्जन किया था, लेकिन ट्रैफिक पुलिस का प्लान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए ट्रैफिक पुलिस ने गल्लामंडी जाने वाले गेट नंबर एक व दो के कट को बेरीकेडिंग लगा कर बंद कर दिया था। गल्लामंडी जाने के लिए करीब एक किलोमीटर आगे तौधकपुर मोड़ से यूटर्न लेकर मतदानकार्मिकों को आना पड़ रहा था। जिस कारण नौबस्ता व हमीरपुर की ओर दोनों तरफ कई किलोमीटर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। घंटों तक वाहन रेंग-रेंग कर चलते रहे। मतदानकर्मी जाम में फंसे धूप से परेशान रहे। यह स्थिति दोपहर दो बजे तक बनी रहीं। इस दौरान जाम खुलवाने के लिए पुलिसकर्मियों के पसीने छूट गए, जिसके बाद पीएसी को मोर्चा संभालना पड़ा।

### ब्लड प्रेशर बढ़ने से मतदानकर्मी बेहोश

नानकारी निवासी संदीप चुनाव ड्यूटी के लिए नवीन गल्लामंडी पहुंचे थे। वह हाल संख्या एक के पास पहुंचे ही थे, तभी अचानक गश खाकर गिर पड़े। इस दौरान साथी कर्मचारियों ने उन्हें पास के मेडिकल कैंप में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हैलट भेजा। चिकित्सकों ने बताया कि संदीप को ब्लड प्रेशर की शिकायत थी, जिस कारण वह बेहोश हो गए।

### साहब! पत्नी की आंख खराब है, ड्यूटी काट दीजिए

श्याम नगर निवासी नरेंद्र सिंह की पत्नी पंजाब नेशनल बैंक में क्लर्क हैं। रविवार को वह पत्नी के साथ गल्लामंडी ड्यूटी कटवाने को पहुंचे। उन्होंने बताया कि पत्नी को पहले पैरालाइसिस का अटैक पड़ चुका है। उनकी आंखों की रोशनी भी कमजोर है, जिसका वर्ष 2021 में आपरेशन कराया था। नौ अप्रैल को केरल से पत्नी का इलाज कराकर लौटे हैं।



नौबस्ता हाईवे पर भीषण जाम लगा रहा। अमृत विचार

# चुनाव में फार्मासिस्टों की ड्यूटी से रुके पोस्टमार्टम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस में किया हंगामा

**अमृत विचार।** चुनाव में सीएचसी और पीएचसी के साथ ही पोस्टमार्टम हाउस के फार्मासिस्टों की ड्यूटी लगा देने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। सबसे ज्यादा असर पोस्टमार्टम हाउस पर पड़ा। रविवार को यहां पहुंचे शवों का पोस्टमार्टम रुका रहा, जिसे लेकर लोगों ने हंगामा किया। बाद में रात आठ बजे तक शवों का विच्छेदन हुआ।

पोस्टमार्टम हाउस में तैनात फार्मासिस्ट दिलीप सचान और नवनीत कुमार की चुनाव में ड्यूटी लगने से दो दिन से पोस्टमार्टम व्यवस्था प्रभावित है। शनिवार को आठ शवों के पोस्टमार्टम नहीं हो सके थे। रविवार सुबह 10 शव और आ गए। उल्टी और दस्त होने के बावजूद पोस्टमार्टम प्रभारी डॉ. नवनीत चौधरी को पहुंचना पड़ा। ग्वालटोली में युवक के डूबने पर सम्राट विकास यादव ने जब डीएम से बात की तो उन्होंने पोस्टमार्टम के फार्मासिस्टों की ड्यूटी कटवाने के लिये सीडीओ को फोन किया।

# डिजिटल मार्केटिंग का कारोबार बढ़ा

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव में इस बार सोशल मीडिया ने प्रचार में सबसे बड़ी भूमिका निभाई। प्रत्याशियों ने सीधे मतदाताओं तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया यानी मोबाइल को सबसे बड़ा हथियार बनाया। कारोबारियों की मानें तो चुनाव के दो महीनों में शहर में लगभग 50 करोड़ का कारोबार हुआ है। कारोबारियों ने यह भी दावा किया कि लोकसभा चुनावों से शहर में डिजिटल मार्केटिंग का कारोबार भी परवान चढ़ा है। शहर में इस कारोबार में लगभग 1500 लोग जुड़े रहे। 150 कंपनियों के प्रतिनिधि आए।

**जागरुकता** गांव वालों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लिया संकल्प

# चुनाव में वोट की चोट करना जरूरी

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** एक-एक वोट से ही लोकतंत्र मजबूत होता है, सभी लोगों को मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। लोकतंत्र के महापर्व में सभी लोगों को बढ़-चढ़कर भागेदारी करनी होगी। बेहतर सरकार के लिए वोट की चोट जरूरी है। पहले मतदान, फिर जलपान का अनुपालन करना होगा। यह बातें अमृत विचार के मतदाता जागरुकता अभियान के दौरान बिधनू काकोरी गांव के मतदाताओं ने कही।

यहां पिछले लोकसभा के चुनाव में 60 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार भी युवाओं, बुजुर्गों और महिला मतदाताओं में खासा उत्साह है।




मतदान करने और कराने की शपथ लेते ग्रामीण।

काकोरी गांव में रविवार को अमृत विचार की पहल पर महिलाएं, बुजुर्ग व युवा मतदाता एकत्र हुए और वोट डालने का संकल्प लिया। गांव के कृष्ण बहादुर, राजेश सिंह, तेज बहादुर, रामबहादुर, हिमांशु पाल, मनीष निषाद, शिवम निषाद, धीरज, सियाराम, अर्जुन सिंह, नरेंद्र सिंह, संजय, रोशन, मोनू, रामबालक दिवाकर, उमेश दिवाकर, धीरज दिवाकर, किशन लाल दिवाकर, संतोष दिवाकर, रमेश कोरी, रामबाबू कोरी, कामता कोरी, विजय सोनवानी ने कहा कि इस बार चिलचिलाती धूप भी मतदान करने से नहीं रोक पाएगी।

### बुजुर्गों की जुबानी



सेन पश्चिम पारा की रहने वाली 101 बरस की सुखदेई कहती हैं 'पहिले के समय मा जब चुनाव आवत रहैं, तब अइस लागत रहै, जइसे कउनो त्यौहार आगा। रोज कउनो न कउनो नेता दरवाजे आवत रहै। हमरे क्षेत्र के इमानदार नेता रहैं। पण्डित जौहरी लाल त्रिवेदी, देवेन्द्र बहादुर सिंह जइसे ईमानदार नेता रहैं, जउन गरीबन की मदत करत रहैं। अब तौ राजनीति व्यापार बनि गै हय'।




रमईपुर की रहने वाली 106 बरस की रामदेवी कहती हैं 'पहले मतदान करने जाने के लिए लोग तैयारी करते थे। जो बुजुर्ग होते थे, वह सफेद कपड़े पहनकर बैलगाड़ी और बग्घी पर बैठकर जाया करते थे। वोट देते थे और बड़ी शान से घर लौटते थे। वह एक ऐसा समय था, वोटिंग वाले दिन एक पर्व सा मनाया जाता था। अब समय बदला है तो तरीका भी बदल गया है।

### युवाओं में खासा उत्साह



बिधनू की 21 वर्षीय बीएससी की छात्रा अंजली मिश्रा का कहना है कि अच्छी सरकार चुनने के लिए वोट देना जरूरी है। गलत लोगों को नहीं, बल्कि ऐसे नेता को वोट दें, जो देश का विकास कर सके और समाज का भला करे। सोच-समझकर ही वोट दें। मैं पहली बार मतदान करूंगी। मेरी इच्छा है कि कब सुबह हो और मेरे गांव में सबसे पहला वोट मेरा पड़े।

# एक और कारोबारी का सोना ले गया सर्राफ, अब पुलिस कर रही तलाश

## तीसरे कारोबारी ने पुलिस से शिकायत कर 31 लाख का सोना ले जाने की बताई बात

**फॉलोअप**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कलक्टरगंज पुलिस ने इस मामले को भी विवेचना में जोड़ा



**अमृत विचार।** कलक्टरगंज थाना क्षेत्र में नयागंज बाजार से दो कारोबारियों का 95 लाख रुपये कीमत का सोना लेकर भागने के बाद रविवार को तीसरे कारोबारी सामने आ गए। पीड़ित ने थाना पुलिस और मुख्यमंत्री से मामले की शिकायत कर बताया कि उनके भी 31 लाख का सोना लेकर सर्राफ भागा है। पुलिस ने सर्राफ की तलाश शुरू कर दी है।

चौक सराफा नारियल बाजार निवासी बृजेश कुमार वर्मा उर्फ बाबी प्रोपाइटर ने मुख्यमंत्री को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी सिद्धि विनायक ज्वैलर्स नाम से दुकान है। वह अपना व्यवसाय कई वर्षों से व्यापारियों के साथ करते चले आ रहे हैं। वह अन्य दुकानदारों का सोने-चांदी के जेवरात दुकान में रखने व बेचने के लिए अपने संबंधों के आधार पर करते हैं। उन्होंने रघुनाथ प्लाजा में स्थित श्री राधावल्लभ ज्वैलर्स के हरिओम गुप्ता को व्यापारिक संबंधों के आधार पर 18 अप्रैल को 503.230 ग्राम 31,21,528 लाख रुपये कीमत का सोना दिया था, जिसका भुगतान हरिओम ने आठ से दस दिन के भीतर करने की बात कही थी। पीड़ित के अनुसार 25 अप्रैल को हरिओम गुप्ता से रुपये लेने के लिए जब फोन किया तो उसने नहीं उठाया। फिर शाम 4.24 बजे हरिओम ने व्हाट्सप कॉल कर अपनी पत्नी के इलाज के सिलसिले में दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में होने की बात बताई। लौटने पर भुगतान की बात कही। उन्होंने एक मई को फिर हरिओम को फोन किया तो उसका मोबाइल बंद था। प्रतिष्ठान के लैंडलाइन पर फोन किया तो स्टॉफ कर्मी अजय कुमार से बात हुई। उसने रात में आकर मिलने की बात कही। दो दिन इंतजार करने के बाद जब वह दुकान पहुंचे तो वहां ताला लटका था। हरिओम का भाई आशीष दिल्ली में हीरे का व्यापार करता है। उसे पूरी बात बताई तो उसने कहा वह खुद उन्हें ढूंढ रहा और गुमशुदगी दर्ज कराई है।

पीड़ित के अनुसार कलक्टरगंज पुलिस, जनशिकायत प्रकोष्ठ और मुख्यमंत्री से मामले की शिकायत की है। कलक्टरगंज थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि तीसरे कारोबारी ने प्रार्थना पत्र दिया है।

### पुलिस अभी तक नहीं लगा पाई कोई सुराग

**कानपुर।** करोड़ों रुपये का सोना लेकर भागे सर्राफ का अभी तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है। किदवई नगर निवासी कारोबारी राजकुमार गुप्ता की राजू भाई ज्वैलर्स के नाम से राधे कृपा मार्केट में दुकान है। वहीं यहीं के रहने वाले कारोबारी संदीप मिश्रा की भी शिव गंगा भवन नयागंज में अंशिका ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। दोनों ने कानपुर देहात के कहिंजरी रसूलाबाद निवासी हरिओम गुप्ता के खिलाफ सोना लेकर भागने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरिओम नयागंज के पीपल वाली कोठी में श्री राधा वल्लभ ज्वैलर्स के नाम से दुकान खोले था। आरोप है कि हरिओम गुप्ता बाजार के सराफा कारोबारियों से जेवर ले जाता था और आरटीजीएस से भुगतान देता था। राजकुमार गुप्ता के अनुसार हरिओम उनसे 800 ग्राम सोना और संदीप से 560 ग्राम सोने के जेवर ले गया था, जिसका आरटीजीएस से भुगतान होना था। 25 अप्रैल से हरिओम की दुकान बंद होने के बाद फोन किया तो उसने पत्नी की तबीयत खराब होने की जानकारी देते हुए दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती होने की बात बताई थी।

# भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय से पांच सीटों पर नजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कंट्रोल रूम बनाया गया, हर सीट का अलग हेल्पलाइन नंबर जारी

**अमृत विचार।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की पांच लोकसभा सीटों केंद्रीय कंट्रोल रूम से नजर रखी जायेगी। क्षेत्रीय कार्यालय नौबस्ता में बनाये गए कंट्रोल रूम पर समस्या को दर्ज कर तत्काल निदान कराया जायेगा। इसके लिये पार्टी ने हर लोकसभा सीट के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी कर दिया है। के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि चौथे चरण की कानपुर लोकसभा, अकबरपुर, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव के लिये भाजपा ने अपनी तैयारी पूरी कर ली गई है।

क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि पांच लोकसभा क्षेत्रों के कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी क्षेत्र के पदाधिकारी संभालेंगे। इसमें कानपुर लोकसभा सीट के लिये क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी और मोहित सोनकर को जिम्मेदारी दी गई है। कानपुर नगर सीट से जुड़ी समस्या को लेकर हेल्प लाइन नंबर 7355560445, 9415201341 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह अकबरपुर लोकसभा सीट की जिम्मेदारी वीरेंद्र तिवारी और दिनेश मौर्या को दी गई है। यहां का हेल्प लाइन नंबर 7068666138, 9580518831 है। इटावा लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी, आलोक शुक्ला संभालेंगे। हेल्प लाइन नंबर 9415009255, 9415724679 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है।

कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता, विनीत सोनकर की होगी। इस सीट से जुड़ी जानकारी व समस्या दर्ज कराने के लिये हेल्प लाइन नंबर 9838504050, 7499478083 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी क्षेत्रीय मंत्री पवन प्रताप सिंह, रामू चंदेल को दी गई है। हेल्प लाइन नंबर 6386732131, 9936528252 पर संपर्क किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय पदाधिकारी अपनी टीम के साथ 6 बजे से ही कंट्रोल रूम पहुंच जायेंगे और अपनी जिम्मेदारी संभाल लेंगे।

## सार-संक्षेप

### बिल्हौर में 101 मतदान केंद्र क्रिटिकल

**बिल्हौर।** तहसील क्षेत्र के 433 बूथ में 101 मतदान केन्द्रों को क्रिटिकल श्रेणी में रखा गया है जबकि 111 मतदेय स्थल क्रिटिकल श्रेणी मे रखे गए है। बिल्हौर विधानसभा मे छह( 06) जोनल मजिस्ट्रेट व 41 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए है।

### कई जगह परेशान हुईं पोलिंग पार्टियां

**बिल्हौर।** रविवार को नौबस्ता के गल्ला मंडी मैदान में पोलिंग पार्टियों को तय वाहन न मिल पाने के कारण खासी मशक्कत करनी पड़ी। पोलिंग पार्टियां देर रात तक मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं। तमाम पोलिंग पार्टियों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। कई मतदान केंद्रों पर जब पोलिंग पार्टियां पहुंची तो वहां भी अव्यवस्था मिली। कई जगह विद्युत व्यवस्था के साथ खान-पान के लेकर भी पोलिंग पार्टियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### फर्जी वीडियो बनाकर किया वायरल

**कानपुर।** मकराबर्टगंज हार्मनी निवासी एक युवक के अनुसार आठ मई को किसी अंजान व्यक्ति ने एक व्हाट्सप ग्रुप बनाकर उनके परिवार के कई लोगों को जोड़ा। जिसके वाद आरोपी ने उनका एक वीडियो एडिट करके उस ग्रुप में डाल दिया। जिससे उनकी क्षवि धूमिल हो रही है। पीड़ित युवक ने मामले की शिकायत ग्वालटोली थाने में की। पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### समाचार पत्र वितरक भोला वाजपेयी का निधन



भोला वाजपेयी।

**कानपुर।** गोविंद नगर सेंटर के वरिष्ठ समाचार पत्र वितरक भोल वाजपेयी का रविवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को सुबह दस बजे निज निवास से भैरो घाट के लिए प्रस्थान करेगी। उनके निधन पर समाचार पत्र विक्रेताओं ने शोक जताया है।

### केस्को कार्यकारी अधिकारी को बदनाम करने का आरोप

**कानपुर।** नवाबगंज मैनावती मार्ग निवासी विजय त्रिपाठी के अनुसार वह केस्को सिविल लाइन में कार्यकारी अधिकारी है। साथ ही अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य हैं। आरोप है, कि आजाद नगर केसा कालोनी निवासी दिनेश सिंह भोले ने उनकी फोटो लगाने के साथ ही गलत आरोप लगाते हुए उल्टा सीधा लिख कर 18 अप्रैल 2024 को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिससे उनकी क्षवि धूमिल हो रही है। आरोप है, कि मामले की शिकायत ग्वालटोली थाने में की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर शिकायत की। ग्वालटोली पुलिस ने आदेश पर आरोपी दिनेश सिंह भोले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जगतगुरु शंकराचार्य का जन्मदिन मनाया

**कानपुर।** नवाबगंज स्थित श्री अद्वैत विज्ञान मठ दंडी आश्रम में रविवार को आद्य जगतगुरु शंकराचार्य का जन्मोत्सव मनाया गया। दंडी आश्रम प्रभारी उदितानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि सालों से श्री अद्वैत विज्ञान मठ दंडी आश्रम में आद्य जगतगुरु शंकराचार्य का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। रविवार को आचार्य अवधेश शास्त्री के मार्गदर्शन में जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर स्वामी प्रकाशाश्रम, स्वामी अरुणेशाश्रम सहित स्वामी मनीषाश्रम के अनेकों संतों ने आध शंकराचार्य का पूजन किया। आरती और भोग के बाद पूरे दिन भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धर्म संघ के संयोजक शेषनारायण द्विवेदी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भीतरगांव।** साढ़ क्षेत्र में पुलिस ने देशी शराब के साथ उमरी निवासी अमित अवस्थी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि यह शराब वह चुनाव के दौरान खपाने के लिए ले जा रहा था। वहीं रातेपुर से हाजीपुर कदीम मार्ग पर एक नाबालिग को 315 बोर तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ने का दावा साढ़ पुलिस ने किया है।

### कुंडी खटखटा कर वोटरों को निकालेंगे भाजपाई

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद भाजपा संगठनात्मक इकाई का पूरा फोकस मतदाताओं पर है। पार्टी का वोटरों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने पर पूरा जोर है। भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, दीपू पांडेय ने एक-एक वोट को महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यकर्ताओं को घर-घर कुंडी खटखटाकर वोटरों को उनके घरों से निकालकर मतदान केंद्र तक पहुंचाने का टास्क दिया। रविवार को भाजपा केंद्रीय कार्यालय शास्त्री नगर में भाजपा उत्तर एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष दीपू पांडे व शिवराम सिंह ने बैठक कर कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें किसी भी मतदाता को नजरंदाज नहीं करना है। बूथ कमेटी के सदस्यों और पन्ना प्रमुखों से कहा सुबह छह बजे घर-घर जाकर वोटरों से मतदान करने का आग्रह करें। मतदान केंद्र पर समय से पहुंच कर माकपोल जरूर कराएं। पन्ना प्रमुख एक-एक मतदाता पर फोकस करें। बूथ प्रबंधन की टीम विशेष योजना तैयार कर काम करें। पार्टी कार्यकर्ता पहले अपना फिर परिवार, पड़ोसियों के अलावा अपने समर्थकों का मतदान कराएं।

# सैलरी न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने की हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर पुलिस से की मामले की शिकायत

**अमृत विचार।** तीन महीने से सैलरी न मिलने से एक प्राइवेट कंपनी के कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। जिसके बाद नाराज कर्मचारियों ने पुलिस से लिखित शिकायत की है। आरोप लगाया है, कि प्रबंधन ने उन लोगों को गलत मामलों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कल्याणपुर अंबेडकरपुरम स्थित में एक प्राइवेट कंपनी के लगभग 60 कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। कंपनी के कर्मचारी गनमैन बृज किशोर ने आरोप लगया कि कंपनी एटीएम में पैसे डालने का काम करती है। कस्टोडियन, ड्राइवर और गनमैन मिलाकर कुल 60 कर्मचारी काम करते हैं। पिछले तीन माह से कंपनी ने उन्हें सैलरी नहीं दी गई है। जिस कारण उनके भूखे मरने की नौबत आ गई है। सैलरी मांगने पर कंपनी हर बार झूठा आश्वासन देकर टरका देती है। तीन माह से सैलरी न मिलने पर वह और उनके साथी कर्मचारी हड़ताल को मजबूर हैं। आरोप है, कि कंपनी प्रबंधन लगातार किसी न किसी गंभीर मामले में कर्मचारियों को फंसाने की धमकी दे रहे हैं। उन लोगों का कहना था कि वह पूरी जिम्मेदारी से काम करते हैं। उनकी जान का जोखिम भी बना रहता है। कल्याणपुर थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह ने ब बताया कि कर्मचारियों के आरोपों की जांच कराई जा रही है।

# फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**बिल्हौर।** लुधौरा के निकट खेत में एक युवक का शव फांसी पर लटका देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू की। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है। बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के कुटरा गांव निवासी किसान संतोष का 21 वर्षीय पुत्र उदयवीर शनिवार रात नवनिर्मित बिल्हौर कोतवाली के निकट स्थित खेत गया था। उसके बाद वह घर नहीं लौटा। रविवार सुबह लोगों ने अहबत उल्ला के खेत में पेड़ में उदयवीर का शव फांसी पर लटका देख परिजनों को मामले की सूचना दी। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए। परिजनों ने बेटे की हत्या की आशंका जाहिर की। थाना प्रभारी केशव तिवारी ने कहाकि आरोपों के आधार पर मामले की जांच हो रही है।

# डॉक्टर का भाई गंगा में डूबा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ग्वालटोली थाना क्षेत्र के परमट घाट पर तड़के हुआ हादसा
- खुद कर रहा था डेंटल का कोर्स और प्रैक्टिस

**अमृत विचार।** ग्वालटोली थाना क्षेत्र में स्थित परमट घाट में दोस्तों के साथ नहाने गया डेंटल डॉक्टर का छोटा भाई गहरे में जाने के कारण डूब गया। दोस्तों ने शोर मचाकर गोताखोरों को बुलाया। इसके बाद चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव ढूंढकर निकाला जा सका। दोस्तों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विजय नगर निवासी 22 वर्षीय अमन चक उर्फ चंदन डेंटल का कोर्स करने के साथ प्रैक्टिस भी कर रहा था। उसके बड़े भाई डेंटल के डॉक्टर अभिषेक कुमार ने बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े चार बजे वह इलाके के रहने वाले दोस्त सुमित, ऋतिक, गोगा, अनुज के साथ



अमन चक उर्फ चंदन।

ग्वालटोली में स्थित परमट घाट में नहाने के लिए ऑटो से गया था। यहां स्नान करने के बाद आनंदेश्वर मंदिर में दर्शन करने की योजना थी। पांचों मित्र घाट पर नहा रहे थे, इसी दौरान गहरे में जाने के कारण अमन डूबने लगा।

दोस्तों ने पुलिस को बताया कि उन लोगों ने उसे डूबते देखा तो काफी बचाने की कोशिश की लेकिन तब तक वह छटपटाने के साथ गहरे में चला गया। शोर सुनकर गोताखोरों दौड़े उसे ढूंढना गंगा में ढूंढना शुरू किया। बताया कि तकरीबन तीन घंटे बाद अमन के शव को वह लोग बाहर निकाल सके। बेटे की मौत के बाद मां अनीता छोटी बहन कशिश का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं चाचा मनोज चक का कहना था कि काफी समय हो गया वह लोग घर पर अमन के परमट से लौटने का इंतजार कर रहे थे, कि तब तक उसके दोस्त ने घटना की जानकारी दी, तो उनके लोगों के होश उड़ गए। इस संबंध में ग्वालटोली थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि युवक गंगा में गहरे जाने के कारण डूब गया था। युवकों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

# बिकी खादी, झंडा-बैनर बाजार ठंडा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर में रैलियां कम होने का असर चौक की थोक मंडी पर पड़ा
- प्रचार में कुर्तों और अंगौछों ने बाजार को उबारा, 10 लाख पहुंचा

**अमृत विचार।** चुनाव के दौरान खादी की बिक्री भी शहर में बढ़ी। खासतौर पर खादी का कुर्ता पैजामा और अंगौछा की मांग अधिक रही। उधर प्रचार सामग्री का कारोबार करने वाले व्यापारियों को इस बार घाटा उठाना पड़ा। प्रचार सामग्री के थोक कारोबारियों ने बताया कि सोशल मीडिया ने उनके कारोबार को इस बार गहरी सेंध लगाई है।

चुनावी बाजार में इस बार सबसे अधिक मांग खादी के कुर्ता पैजामा की रही। खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने बताया कि गर्मी में चुनाव होने के चलते हल्की खादी इस बार खूब बिकी।

इसी तरह केसरियां व तिरंगी पट्टी वाले अंगौछों की मांग लगातार बनी रही। बिक्री की बात की जाए तो पिछले दो महीनों में लगभग 12 हजार मोदी कुर्तों की ही बिक्री विभिन्न संस्थानों से हुई।

खादी जहां हर महीने शहर में लगभग 5 लाख रुपये की बिकती थी वहीं चुनावों की वजह से इस बार लगभग 10 लाख रुपये का कारोबार कर चुकी है।

यह भी बताया गया कि 4 जून के बाद खादी की बिक्री तेज होने का भी अनुमान लगाया जा रहा है। इसकी वजह सरकार बनने के दौरान जीते हुए प्रत्याशी और दिल्ली की दौड़ के लिए जाने वाले नेता व कार्यकर्ता है। कारोबारी मान रहे हैं कि जून महीने में उनकी वजह से कारोबार और अधिक बढ़ सकता है।

### सोशल मीडिया ने मंदा किया धंधा

शहर में प्रचार सामग्री की थोक मंडी इस बार सूनी रही। कारोबारियों ने बताया कि दस फीसदी कारोबार भी इस चुनाव में नहीं हो पाया है। कारोबारी इसकी वजह सोशल मीडिया और शहर में बड़ी रैलियो का न होना बताया गया। प्रचार सामग्री के थोक कारोबारी गोपी कृष्ण ओमर ने बताया कि शहर में चौक, जनरलगंज और शिवाला में थोक कारोबार होता है। इस कारोबार से लगभग 5 सौ कारोबारी जुड़े हुए हैं। सभी कारोबारियों ने चुनावों को देखते हुए तैयारी कर रखी थी लेकिन बाजार अंत तक नहीं उठ सका।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर दे दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग न पूरी करने पर मारने पीटने और पति पर तीन तलाक देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर ससुरालीजनों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बजरिया निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनका निकाह आठ फरवरी 2023 को गदियाना निवासी आमिर खान के साथ हुई थी। पीड़िता ने बताया कि शादी के कुछ माह बाद से ही दहेज में दो लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर आरोपी पति समेत ससुरालीजन उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

महिला ने बताया कि आरोपियों ने एक अप्रैल को उन्हें मारपीटकर घर से भगा दिया। इसके बाद वे अपने मायके में रह रही थी। फिर 12 अप्रैल को फोन कर पति ने तीन तलाक दे दिया। पीड़ित महिला के अनुसार उनके परिजन लगातार ससुरालीजनों को समझाने में लगे थे। लेकिन उनके न मानने पर पीड़िता ने चकेरी थाने में शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मुस्लिम विवाह अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# टेंपो में युवक की जेब से 15 हजार रुपये पार

**कानपुर।** रेलबाजार थाना क्षेत्र में टाटमिल चौराहे पर टेंपों में सवारी बनकर बैठे युवक ने पीड़ित की जेब काटकर 15 हजार रुपये पार कर दिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने रेलबाजार थाने में शिकायत की है।

पीएसी मोड़ निवासी अतुल कुमार वेल्डिंग का काम करता है। शनिवार को वह किसी काम से जरीब चौकी जाने के लिए ई रिक्शा निकला था। उनकी पैंट की जेब में 15 हजार रुपये पड़े थे। तभी उनके बगल में एक युवक आकर बैठ गया। इसी बीच उसने किसी धारदार वस्तु से उनकी जेब काटी और 15 हजार रुपये निकाल लिए। फिर आरोपी लोको मैदान के पास टेंपों से उतरकर चला गया। इसके बाद जब वे टाटमिल चौराहे पर उतरे तो उन्हें अपनी जेब कटी मिली।

# ससुरालियों ने युवक पर चलाए ईंट-पत्थर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी का मामला, मुकदमा वापस न लेने पर हुई घटना

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में कालीबाड़ी इलाके में मुकदमा वापस न लेने पर युवक ने ससुरालीजनों पर ईंट पत्थर चलाने के आरोप लगाए। जिससे युवक घायल हो गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कालीबाड़ी निवासी संजू कुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने वर्ष 2020 में इलाके की चांदनी से प्रेम विवाह किया था।

जिस बात को लेकर ससुरालीजन खुन्नस रखने लगे। इसके बाद आरोपी ससुरालीजनों ने पांच अप्रैल को उसे मारापीटा। जिस पर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। साथ ही रोज रोज झगड़ा न हो तो पीड़ित पत्नी को लेकर सनिगवां में किराए पर रहने लगा। लेकिन आरोपी लगातार मुकदमा वापस लेने को धमकाते थे।

संजू ने बताया कि दो अप्रैल को वह मां की तबियत खराब होने पर पत्नी के साथ मां को देखने गया था। जिस पर आरोपी साली शिवानी, शिवम सोनकर, रोशनी सोनकर, रेशमी और शिवम की मां गाली गलौज करने लगे।

विरोध करने पर आरोपियों ने ईंट पत्थर चला दिए जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद वह घायलावस्था में थाने शिकायत करने पहुंचा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

**मुसीबत** वार्ड 98 में एक माह से पानी का संकट पर लोग बोले, जलकल की लाइन से नहीं आता पानी

# इटावा बाजार में खाली बाल्टी लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गर्मी के बढ़ते ही शहर के कई इलाकों में पेयजल संकट गहराने लगा है। इटावा बाजार में महीनों से पानी की समस्या के खिलाफ क्षेत्रीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। क्षेत्रीय जनता ने खाली बाल्टी लेकर प्रदर्शन किया, और जलकल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों का आरोप है क्षेत्रीय पार्षद और विधायक को जानकारी होने के बाद भी समाधान नहीं हो रहा है।

नगर निगम जोन एक अंतर्गत वार्ड 98 इटावा बाजार में वर्षों से पानी की समस्या है। बउआ मिश्रा ने बताया कि जलकल की पेयजल लाइन से कई दिन पानी आता है, तो कई दिन गायब रहता है।

महीनों से यह समस्या बनी है। क्षेत्रीय पार्षद दीपक शर्मा व



खाली बाल्टी लेकर पानी के लिये प्रदर्शन करते स्थानीय लोग। अमृत विचार

विधायक अमिताभ बाजपेई को जानकारी है। फिर भी कोई भी सुध लेने नहीं आते। शांति देवी ने आरोप लगाया कि केवल चुनावी दौरे में सभी नेता वोट मांगने आते हैं लेकिन समस्या का समाधान करने कोई भी नहीं आता है।

लक्ष्मी देवी ने बताया कि पांच वर्ष पहले सरकारी पानी सुबह शाम दोनों समय आता था। अब केवल नाम को आता है। लेकिन आस पास पानी की कोई व्यवस्था नहीं है।

जिस घर में सबमर्सिबल लगा है वहां से पानी लेकर गुजारा करना पड़ता है। पानी की टंकी भी दूर लगी है। वहां से भरकर काम चला रहे हैं। प्रकाश जायसवाल ने बताया कि मुख्य समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द समस्या दूर नहीं होती तो जलकल के कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे।

# रीजनल बैडमिंटन के अर्थव, अदिति चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तीन दिवसीय चैंपियनशिप का हुआ समापन, स्टेट लेवल में खेलेंगे विजेता

**अमृत विचार।** डीपीएस कल्याणपुर में रविवार को तीन दिवसीय रीजनल बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में अंडर-9, अंडर-14 व अंडर-19 वर्ग में कांटे की टक्कर हुई। अर्थव और अदिति रीजनल बैडमिंटन के चैंपियन बने। बालक वर्ग अंडर-9 के फाइनल मुकाबले में अविराज सिंह विजेता व डी खान उपविजेता रहे। अंडर-14 में अर्थव यादव विजेता व शार्दुल खत्री उपविजेता और बालिका वर्ग में अदिति कटियार विजेता रहीं। अंडर-17 बालक वर्ग में अनुप कुमार विजेता व ईशान श्रीवास्तव उपविजेता रहे, वहीं बालिका वर्ग में अदिति कटियार विजेता बनीं। अंडर-19 बालक वर्ग में ईशान श्रीवास्तव विजेता व आयुष उपविजेता रहे, वहीं बालिका वर्ग में सानवी विजेता व साक्षी उपविजेता रहीं। बालक डबल्स वर्ग अंडर-9 में अभिराज-विआन की जोड़ी और अंडर-14 बालक वर्ग में शार्दुल-कंदपी की जोड़ी ने मुकाबला जीता। अंडर-17 बालक वर्ग में आयुष-यश की जोड़ी ने सफलता पाई। रीजनल चैंपियनशिप के बाद खिलाड़ियों को स्टेट लेवल में खेलने का मौका मिलेगा। विजेताओं को मेडल व ट्राफी दी गई। राहुल शुक्ला, सौरभ श्रीवास्तव, आशुतोष सत्यम झा, इरशाद अहमद, मुकुल आदि रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं **शरद चंद श्रीवास्तव व पूनम श्रीवास्तव व भावना श्रीवास्तव, पुत्र / पुत्री स्वर्गीय सुरेश चंद्र श्रीवास्तव निवासी-551के /ओ-1181, भिलावां, साकेतपुरी, आलमबाग, लखनऊ- 226005** के हैं। हमारे भवन संख्या- 551के/ 1181 मिनजुमला खसरा संख्या- 356 स्थित मिलावा, साकेतपुरी आलमबाग लखनऊ से संबंधित दस्तावेज जो घनश्याम गुलाटी के पक्ष में दिनांक 29/02 /1960 को निष्पादित हुआ था तथा नोटरी पावर आफ एटॉर्नी दोनों दस्तावेज कही गुम हो गए हैं। जिस किसी को मिले तो दिए गए पते पर दे दे। जिसका दुरुपयोग दंडनीय होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम फ्रांसिस यादव उर्फ बब्लू पुत्र लक्ष्मन प्रसाद यादव था। अब वर्तमान में मैंने अपना नाम बदलकर फूल सिंह यादव कर लिया है। अतः अब मुझे **फूल सिंह यादव पुत्र लक्ष्मन प्रसाद यादव (जन्मतिथि 28-08-2001), निवासी- 57/58 मोहल्ला- वजीरहसन रोड, जिला-लखनऊ** 226001 से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाई स्कूल सीबीएसई वर्ष 2013 अनुक्रमांक - 5129977 के अंक पत्र में पिताजी का नाम त्रुटिवश GHYAN SHANKAR MISHRA अंकित हो गया है, जबकि वास्तविक नाम GYAN SHANKAR MISHRA है। DEVANSH MISHRA S/O GYAN SHANKAR MISHRA, **निवासी- सेखुई कलां, जिला- बलरामपुर**

